**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 2913**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**हवाई अड्डों पर रात्रि में विमान उतरने की सुविधा**

**2913. श्रीमती रचना बनर्जीः**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के कई हवाई अड्डों पर रात्रि में विमान उतरने की सुविधा अभी भी उपलब्ध नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को पता है कि ऐसे हवाई अड्डों से रात में उड़ानें संचालित न होने के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने देश भर के सभी हवाई अड्डों पर रात्रि में विमान उतरने की सुविधाएं स्थापित करने के लिए उपाय किए हैं/करने का विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग) **:** देश में नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा लाइसेंस प्राप्त उन हवाईअड्डों की राज्यवार सूची, जहां पर सिविल परिचालन के लिए रात्रि लैंडिंग की सुविधा नहीं है, अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। रात्रि लैंडिंग को सक्षम बनाने के लिए हवाईअड्डा अवसंरचना का उन्नयन, सतत प्रक्रिया है और इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक कारकों, यातायात की मांग/एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डों के लिए/से परिचालन करने की इच्छा आदि के आधार पर किया जाता है।

******

| | | |
|---|---|---|
| | | **अनुलग्नक** |
| लोक सभा के दिनांक 12.12.2024 के लिखित प्रश्न संख्या 2913 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक | | |
| **क्र. सं.** | **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र** | **हवाई अड्डे का नाम** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | तेजु |
| 3 | असम | रूपसी |
| 4 | छत्तीसगढ | अंबिकापुर |
| 5 | छत्तीसगढ | बिलासपुर |
| 6 | छत्तीसगढ | जगदलपुर |
| 7 | गुजरात | केशोद (जूनागढ़) |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | कांगड़ा (गग्गल) |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू मनाली (भुंतर) |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 11 | झारखंड | जमशेदपुर |
| 12 | कर्नाटक | शिवमोग्गा |
| 13 | लक्षद्वीप (यूटी) | अगात्ती |
| 14 | महाराष्ट्र | गोंदिया |
| 15 | महाराष्ट्र | जूहु |
| 16 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग |
| 17 | महाराष्ट्र | सोलापुर |
| 18 | मिजोरम | लेंगपुई (आइजॉल) |
| 19 | ओडिशा | जयपोर |
| 20 | ओडिशा | राउरकेला |
| 21 | ओडिशा | उतकेला |
| 22 | पुदुचेरी (यूटी) | पुदुचेरी |
| 23 | पंजाब | लुधियाना |
| 24 | सिक्किम | पाक्योंग |
| 25 | तमिलनाडु | सेलम |
| 26 | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ |
| 27 | उत्तर प्रदेश | आजमगढ़ |
| 28 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट |
| 29 | उत्तर प्रदेश | कुशीनगर |
| 30 | उत्तर प्रदेश | मुरादाबाद |
| 31 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती |
| 32 | उत्तराखंड | पंतनगर |
| 33 | उत्तराखंड | पिथोरागढ़ |
| 34 | पश्चिम बंगाल | कूचबिहार |